# फुटवियर पार्क के लिए 4600 रुपये की दर से 26 भूखंडों का होगा आवंटन

## कानपुर के रमईपुर में विकसित हो रहा प्रदेश का पहला फुटवियर पार्क

लखनऊ। उप्र. राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने कानपुर के रमईपुर क्षेत्र में विकसित हो रहे प्रदेश के पहले फुटवियर पार्क के प्रथम चरण के 26 औद्योगिक भूखंड निवेश मित्र पोर्टल पर आवंटन के लिए उपलब्ध करा दिए हैं। यूपीसीडा ने 4600 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से ये भूखंड एमएसएमई इकाइयों के लिए स्वीकृत किए हैं।

करीब 80 करोड़ की लागत से विकसित हो रहा यह पार्क कुल 131.69 एकड़ में फैला होगा। इसमें 83 एकड़ क्षेत्र में 75 औद्योगिक भूखंड विकसित किए जा रहे हैं। 5.46 एकड़ क्षेत्र में दो वेयरहाउस भूखंड प्रस्तावित हैं। पार्क में 5 किमी. लंबा सड़क नेटवर्क भी होगा।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की सुविधा पांच टन रोजाना की होगी। जलापूर्ति के लिए भूमिगत जल स्रोत का उपयोग किया जाएगा, जिसकी कुल मांग लगभग 10 एमएलडी आंकी गई है। वर्षा जल निकासी के लिए 10 किमी लंबा वॉटर ड्रेनेज नेटवर्क तैयार किया जा रहा है।

**निवेशकों को मिलेंगी ये सुविधाएं :** प्रथम चरण में प्रस्तावित कुल 75 औद्योगिक भूखंडों में से 26 भूखंडों का आवंटन प्राथमिकता से खोला गया है। इसके लिए निवेशकों को आवेदन के साथ जमीन की कीमत का 5 फीसदी अग्रिम भुगतान करना होगा। 60 दिनों में 20% और शेष 75% राशि तीन वर्षों में समान किस्तों में 10% वार्षिक ब्याज दर के साथ चुका सकते हैं। समय से भुगतान करने पर 2% की छूट और एंकर यूनिट के रूप में निवेश करने पर 10% की अतिरिक्त छूट भी मिलेगी। ब्यूरो

### औद्योगिक विकास ही नहीं रोजगार भी बढ़ेंगे : मयूर

यूपीसीडा की 'प्लग एंड प्ले' नीति के अंतर्गत भूखंडों को तैयार स्थिति में दिया जा रहा है। इससे एमएसएमई इकाइयों को तुरंत निर्माण और उत्पादन शुरू करने में सुविधा मिलेगी। यह मॉडल विशेष रूप से छोटे और मझोले निवेशकों के लिए आकर्षक है। यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने कहा कि रमईपुर का यह फुटवियर पार्क न सिर्फ औद्योगिक विकास को बढ़ावा देगा, बल्कि हजारों रोजगारों के अवसर भी सृजित करेगा।